BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ........H.A.R.I. BHOOMI........

Date 24/10/2024....... Page ....14........ Column ....01........

Subject बीएमयू मे 11 व 12 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर मूट कोर्ट प्रतियोगिता

बाबा मस्तनाथ विवि में 11 व 12 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर मूट कोर्ट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक का विधि विभाग 11 और 12 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा ने बताया कि मूट कोर्ट एक कृत्रिम अदालती सुनवाई होती है, जो छात्रों को अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की कानूनी परिस्थितियों में लागू करने का मौका देती है। उन्होंने मूट कोर्ट की विशेषता बताते हुए कहा कि यह केवल बहस करने जैसा नहीं है, बल्कि प्रेरक वकालत की कला का एक विशेष रूप है, जो छात्रों को वास्तविक अदालती माहौल का अनुभव देता है और उन्हें कानूनी तर्क-वितर्क, अनुसंधान और न्यायालय में प्रस्तुतिकरण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं में निपुण बनाता है। विधि विभाग के डीन डॉ. मनीष दलाल ने कहा कि मूट कोर्ट कानूनी शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसमें छात्रों को कानूनी मुद्दों पर शोध करने, लिखने और मौखिक तर्क प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। यह प्रतियोगिताएं छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और उनके कानूनी कौशलों में सुधार का बेहतरीन मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मूट कोर्ट में भाग लेने से छात्रों के बायोडाटा को मजबूती मिलती है और वे कानूनी नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करते हैं।